# FIRST INFORMATION REPORT
## Under Section 173 B.N.S.S.

## (प्रथम सूचना रिपोर्ट )
## अंतर्गत धारा 173 बी. एन. एस. एस.

1. **District (जिला):** ACB DISTRICT **P.S. (थाना):** C.P.S Jaipur **Year (वर्ष):** 2026

2. **FIR No. (प्र.सू.रि.सं):** 0248 **Date and Time of FIR (एफआईआर की तिथि/समय):** 02/09/2026 17:20 बजे

| S.No. (क्र.सं.) | Acts (अधिनियम) | Sections (धाराएँ) |
|---|---|---|
| 1 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 13(1)(a) |
| 2 | भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 (2018 के अधिनियम संख्या 16 द्वारा संशोधित) | 13(2) |
| 3 | भारतीय न्याय संहिता (बी एन एस), 2023 | 61(1) |

3. (a) **Occurrence of offence (अपराध की घटना):**

1. **Day(दिन):** दरमियानी दिन **Date From (दिनांक से):** 31/12/2021 **Date To (दिनांक तक):** 31/07/2024

**Time Period (समय अवधि):** पहर **Time From (समय से):** 10:00 बजे **Time To (समय तक):** 10:00 बजे

(b) **Information received at P.S. (थाना जहाँ सूचना प्राप्त हुई):** **Date (दिनांक):** 02/09/2026 **Time (समय):** 17:00 बजे

(c) **General Diary Reference (रोजनामचा संदर्भ) :** **Entry No. (प्रविष्टि सं.):** 001 **Date & Time (दिनांक एवं समय)** 02/09/2026 17:20:48 बजे

4. **Type of Information (सूचना का प्रकार):** लिखित

5. **Place of Occurrence (घटनास्थल):**

1. (a) **Direction and distance from P.S. (थाने से दिशा और दूरी):** SOUTH, 35 किमी **Beat No. (बीट सं.) :** NOT APPLICABLE

(b)**Address(पता):** NAGAR PALIKA DESHNOK, JILA BIKANER

(c **In case, outside the limit of this Police Station, then (यदि थाना सीमा के बाहर हैं तो)**

**Name of P.S (थाना का नाम):** **District(State) (जिला (राज्य) ):**

6. **Complainant / Informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता):**

(a) **Name(नाम):** DINESH CHAUDHARY

(b) **Father's Name (पिता का नाम):** MODARAM CHAUDHARY

(c) **Date/Year of Birth (जन्म तिथि/ वर्ष):** 1982 **(d)Nationality(राष्ट्रीयता):** INDIA

(e) **UID No(यूआईडी सं.):**

(f) **Passport No. (पासपोर्ट सं.):**
**Date of Issue (जारी करने की तिथि):** **Place of Issue (जारी करने का स्थान):**

(g) **Id details (Ration Card,Voter ID Card,Passport,UID No.,Driving License,PAN) (पहचान विवरण( राशन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र,पारपत्र,आधार कार्ड सं,ड्राइविंग लाइसेंस,पैन)):**

| S.No. | Id Type | Id Number |
|---|---|---|

(h) **Occupation (व्यवसाय):**

(i) **Address(पता):**

| S.No. (क्र. सं.) | Address Type (पता का प्रकार) | Address (पता) |
|---|---|---|
| 1 | वर्तमान पता | SHIV PARVATI MANDIR KE PASS, GANGASHAHAR, BIKANER, RAJASTHAN, INDIA |
| 2 | स्थायी पता | SHIV PARVATI MANDIR KE PASS, GANGASHAHAR, BIKANER, RAJASTHAN, INDIA |

(j) **Phone number (दूरभाष न.):** **Mobile (मोबाइल न.):**

7. **Details of known/suspected/unknown accused with full particulars (ज्ञात/संदिग्ध/अज्ञात अभियुक्त का पुरे विवरण सहित वर्णन):**

**Accused More Than(अज्ञात आरोपी एक से अधिक हो तो संख्या):**

| S.No. (क्र.सं.) | Name (नाम) | Alias (उपनाम) | Relative's Name (रिश्तेदार का नाम) | Address (पता) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | OMPRAKASH MUNDHARA AND OTHERS | | पिता:HARINARAYAN MUNDHARA | 1. MUNDHARA CHAUK,DESHNIK,BIKANER,RAJASTHAN,INDIA |

8. **Reasons for delay in reporting by the complainant/informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता द्वारा रिपोर्ट देरी से दर्ज कराने के कारण):**

9. **Particulars of properties of interest (Attach separate sheet, if necessary) (सम्बन्धित सम्पत्ति का विवरण( यदि आवश्यक हो, तो अलग पृष्ट नत्थी करें)):**

| S.No. (क्र.सं.) | Property Category (सम्पत्ति श्रेणी) | Property Type (सम्पत्ति के प्रकार) | Description (विवरण) | Value(In Rs/-) (मूल्य(रु में)) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अन्य | विविध | सरकारी भूमि को खुर्द-बुर्द | |

10. **Total value of property stolen(In Rs/-)**
**(चोरी हुई संपत्ति का कुल मूल्य(रु में) ):**

11. **Inquest Report / U.D. case No., if any (मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट / यू.डी.प्रकरण न., यदि कोई हो):**

| S.No. (क्र.सं.) | UIDB Number (यू.आई.डी.बी. संख्या) |
|---|---|

12. **First Information contents (Attach separate sheet, if necessary)**
**(प्रथम सूचना तथ्य(यदि आवश्यक हो , तो अलग पृष्ठ नत्थी करे)):**

महोदय, निवेदन है कि परिवादी श्री दिनेश चौधरी पुत्र श्री मोडाराम चौधरी, निवासी शिव पार्वती मंदिर के पास, गंगाशहर, बीकानेर द्वारा कार्यालय पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, बीकानेर में परिवाद प्रस्तुत किया कि नगर पालिका देशनोक के अध्यक्ष श्री ओमप्रकाश मून्धड़ा ने राजस्थान नगर पालिका अधिनियम 2009 की धारा 69क के तहत कई पट्टे फर्जी तरह से जारी किये हैं। जिसमें से कुछ पट्टे नगर पालिका के अध्यक्ष महोदय ने अपने स्वयं के हस्ताक्षरों से अपने स्वयं के नाम से ही जारी कर दिये। इस प्रकार ओमप्रकाश मून्धड़ा ने पद का दुरूपयोग करते हुए राजस्व को नुकसान पहुंचाने के आशय से अपने स्वयं के नाम से निम्न पट्टे जारी कर दिये -

1. पट्टा क्रमांक पीएसकेएस/2021/52 दिनांक 31.12.2021 वाके बड़ा गुवाड़ के पास देशनोक बीकानेर कुल तादादी 71.88 वर्गमीटर बहक ओमप्रकाश मून्धड़ा पुत्र श्री हरिनारायण मून्धड़ा। पंजीबद्ध रूबरू उप पंजीयक बीकानेर दिनांक 11.01.2022
2. पट्टा क्रमांक पीएसकेएस/2021/53 दिनांक 31.12.2021 वाके कास्ट स्कूल के पास, देशनोक कुल तादादी 267.14 वर्गमीटर बहक ओमप्रकाश मून्धड़ा पुत्र श्री हरिनारायण मून्धड़ा। पंजीबद्ध रूबरू उप पंजीयक बीकानेर दिनांक 11.01.2022
3. पट्टा क्रमांक पीएसकेएस/2021/68 दिनांक 31.12.2021 वाके सदर बाजार योजना, देशनोक कुल तादादी 42.53 वर्गमीटर बहक ओमप्रकाश मून्धड़ा पुत्र श्री हरिनारायण मून्धड़ा। पंजीबद्ध रूबरू उप पंजीयक बीकानेर दिनांक 11.01.2022

इस प्रकार नगर पालिका के अध्यक्ष महोदय ने स्वयं को लाभ पहुंचाने की गर्ज से फर्जी तरीके से उपरोक्त पट्टे अपने स्वयं के नाम से जारी कर लिये हैं, जिनकी जांच की जानी आवश्यक है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि नगर पालिका देशनोक के अध्यक्ष द्वारा स्वयं के नाम से जारी किये गये उक्त पट्टों की जांच करवाई जाकर कार्यवाही की जावे। ताकि वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सके। परिवादी श्री दिनेश चैधरी पुत्र श्री मोडाराम चैधरी निवासी शिव पार्वती मन्दिर के पास गंगाशहर, बीकानेर द्वारा ब्यूरो में प्रस्तुत उपरोक्त तथ्यों की परिवाद पर ब्यूरो में शिकायत आर नम्बर 4758 दिनांक 06.08.2024 दर्ज कर निदेशक एवं विशिष्ट शासन सचिव स्वायत शासन विभाग राजस्थान जयपुर के पत्र क्रमांकः-एफ.2 (क)()भ्र.नि.ब्यूरो/जांच/डीएलबी/25/497 दिनांक 01.09.2026 द्वारा अन्तर्गत धारा 17ए भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (यथा संशोधित 2018) के तहत पूर्वानुमोदन प्राप्त किया गया।

उपरोक्त तथ्यों से श्री ओमप्रकाश मून्धड़ा पुत्र श्री हरिनारायण मून्धड़ा, तत्कालीन अध्यक्ष, नगर पालिका देशनोक, जिला बीकानेर व अन्य के विरूद्ध अपराध अन्तर्गत धारा 13(1)(क), 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988(यथा संशोधन 2018) एवं 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 का प्रथम दृष्टया घटित होना पाया जाता है। अतः आरोपी श्री ओमप्रकाश मून्धड़ा पुत्र श्री हरिनारायण मून्धड़ा, उम्र 56 वर्ष, निवासी मून्धड़ा चौक देशनोक, तहसील व जिला बीकानेर, तत्कालीन अध्यक्ष नगर पालिका देशनोक जिला बीकानेर तत्कालीन अध्यक्ष, नगर पालिका देशनोक, जिला बीकानेर व अन्य के विरूद्ध बिना नंबरी प्रथम सूचना रिपोर्ट कता कर वास्ते पंजीयन एवं क्रमांकन हेतु श्रीमान् महानिदेशक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर की सेवामें सादर प्रेषित है। भवदीय (इन्द्र कुमार) उप अधीक्षक पुलिस भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो बीकानेर…………..कार्यवाही पुलिस……….प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त टाईपशुदा बिना नम्बरी प्रथम सूचना रिपोर्ट श्री इन्द्र कुमार, उप अधीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो, बीकानेर ने प्रेषित की है मजमून रिपोर्ट से जुर्म अन्तर्गत धारा 13(1)(क), 13(2) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988(यथा संशोधन 2018) एवं 61(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 में आरोपी श्री ओमप्रकाश मून्धड़ा पुत्र श्री हरिनारायण मून्धड़ा, उम्र 56 वर्ष, निवासी मून्धड़ा चौक देशनोक, तहसील व जिला बीकानेर, तत्कालीन अध्यक्ष नगर पालिका देशनोक जिला बीकानेर एवं अन्य के विरूद्ध पंजीबद्ध कर प्रथम सूचना रिपोर्ट की प्रतियां नियमानुसार जारी की गई। उक्त प्रकरण में अनुसंधान अधिकारी श्री इन्द्र कुमार, उप अधीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्युरो, बीकानेर को मनोनित किया गया है। उक्त की रोजनामचाआम 22 पर अंकित है। (गोरधन लाल सौंकरिया) पुलिस अधीक्षक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर। क्रमांक 1434-36 दिनांक 02.09.2026 प्रतिलिपि सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः-1-विशिष्ठ न्यायाधीश एवं सैशन न्यायालय, भ्रष्टाचार निवारण

अधिनियम, बीकानेर 2- निदेशक एवं विशिष्ठ शासन सचिव,स्वायत शासन सचिव राजस्थान, जयपुर। 3-उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, रेंज बीकानेर 4-अति. पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, बीकानेर। पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, राजस्थान, जयपुर।

13. Action taken : Since the above information reveals commission of offence(s) u/s as mentioned at Item No. 2.
**(की गई कार्यवाही: चूँकि उपरोक्त जानकारी से पता चलता हैं कि अपराध करने का तरीका मद सं.2 में उल्लेख धारा के तहत हैं):**

(1) **Registered the case and took up the investigation (प्रकरण दर्ज किया गया और जाँच के लिए लिया गया):**

**or (या)**

(2) **Directed (Name of I.O.): (जाँच अधिकारी का नाम ):** INDER KUMAR **Rank (पद):** उप अधीक्षक पुलिस/पुलिस उपाधीक्षक

**No(सं.):** **to take up the Investigation (को जाँच अपने पास में लेने के लिए निर्देश दिया गया) or(या)**

(3) **Refused investigation due to (जाँच के लिए) :**

**or (के कारण इंकार किया, या)**

(4) **Transferred to P.S.(थाना):** **District (जिला):**

**on point of jurisdiction (को क्षेत्राधिकार के कारण हस्तांतरित) .**

F.I.R.read over to the complainant/informant,admitted to be correctly recorded and a copy given to the complainant/informant free of cost.

**(शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता को प्राथमिकी पढ़ कर सुनाई गई, सही दर्ज हुई माना और एक प्रति निःशुल्क शिकायतकर्ता को दी गई|)**
**R.O.A.C.(आर.ओ.ए.सी.)**

14. **Signature/Thumb impression of the complainant / informant (शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता के हस्ताक्षर / अंगूठे का निशान):**

**Signature of Officer in charge, Police Station (थाना प्रभारी के हस्ताक्षर)**

Signed by: Gordhan Lal Sonkaria
Location: Rajasthan,IN
Date: 02/09/2026 17:22:55

15. **Date and time of dispatch to the court (अदालत में प्रेषण की दिनांक और समय):**

**Name(नाम):** GORDHAN LAL SONKARIA
**Rank (पद):** SP (Superintendant of Police)
**No(सं.):**

Attachment to item 7 of First Information Report (प्रथम सूचना रिपोर्ट के मद 7 संलग्नक):

Physical features, deformities and other details of the suspect/accused:(If known/seen )
(संदिग्ध / अभियुक्त की शारीरिक विशेषताएँ, विकृतियाँ और अन्य विवरण :(यदि ज्ञात / देखा गया))

| S.No.(क्र.सं.) | Sex (लिंग) | Date/Year of Birth ( जन्म तिथि / वर्ष) | Build (बनावट) | Height(cms.) (कद(से.मी)) | Complexion (रंग ) | Identification Mark(s) (पहचान चिन्ह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | Male | 1970 | | | | |

| Deformities/ Peculiarities (विकृतियाँ/ विशिष्टताएँ) | Teeth (दाँत) | Hair (बाल) | Eyes (आँखें) | Habit(s) (आदतें) | Dress Habit(s) (पहनावा) |
|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | 13 |
| | | | | | |

| Language /Dialect (भाषा /बोली) | Place Of(का स्थान) | | | | | Others (अन्य) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | Burn Mark (जले हुए का निशान) | Leucoderma (धवल रोग ) | Mole (मस्सा) | Scar (घाव) | Tattoo (गूदे हुए का) | |
| 14 | 15 | 16 | 17 | 18 | 19 | 20 |
| | | | | | | |

These fields will be entered only if complainant/informant gives any one or more particulars about the suspect/accused.
(यह क्षेत्र तभी दर्ज किए जाएंगे यदि शिकायतकर्ता / सूचनाकर्ता संदिग्ध / अभियुक्त के बारे में कोई एक या उससे अधिक जानकारी देता है |)